# प्रथम सूचना रिपोर्ट

*(अन्तर्गत धारा 173 बी.एन.एस.एस.)*

बुक नं0

1. जिला जयपुर थाना प्रधान आरक्षी केन्द्र, भ्र0 नि0ब्यूरो जयपुर वर्ष 2025
प्र0इ0रि0सं0.......89........./2025 दिनांक .09/04/2025
(I) धारा 13(1)(ई) सपठित 13(2) पी.सी.एक्ट 1988 धारा 120बी आईपीसी एवं धारा 13(1)(बी) सपठित 13(2), 12 पी.सी.एक्ट 1988 (यथा संशोधित 2018) व 61(2) बीएनएस 2023
(II) अधिनियम..............................................धाराऐं ...................................
(III) अधिनियम.............................................धाराऐं...................................
(IV) अन्य अधिनियम एवं धाराऐं.............................................................
2. (अ) रोजनामचा आम रपट संख्या.........144........................समय 02:15 Pm
(ब) अपराध घटने का दिन.........................दिनांक........................समय.......
(स) थाना पर सूचना प्राप्त होने की दिनांक..................................समय.......
3. सूचना की किस्म :– लिखित / मौखिक लिखित
4. घटनास्थल :–
(अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरी करीब
(ब) पता – ..........................................................................................
.............................................बीट संख्या.............................जरायमदेही सं.
(स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो.........
पुलिस थाना.......................................................जिला....................................
5. परिवादी/सूचनाकर्ता :–सूत्र सूचना
(अ) नाम –
(ब) पिता/पति का नाम
(स) जन्म तिथि/वर्ष.........................................................................................
(द) राष्ट्रीयता..............................................
(य) पासपोर्ट संख्या.............................................. जारी होने की तिथि..........
जारी होने की जगह.............................................................................
(र) व्यवसाय...........................................................................
(ल) पता –
6. ज्ञात/अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तों का ब्यौरा सम्पूर्ण विशिष्ठियों सहित :–
1. श्री **हरिप्रसाद मीणा पुत्र श्री प्रभु लाल मीणा निवासी** फ्लैट न0 ए–1204 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर ।
2.श्रीमती इन्द्रा मीणा पत्नि श्री **हरिप्रसाद मीणा** फ्लैट न0 ए–1204 यूनिक एम्पोरियम वी. आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर।
7. परिवादी/सूचनाकर्ता द्वारा इत्तला देने में विलम्ब का कारण :– कोई विलम्ब नही
8. चुराई हुई/लिप्त सम्पत्ति की विशिष्ठियाँ ( यदि अपेक्षित हो तो अतिरिक्त पन्ना लगायें)
9. चुराई हुई/लिप्त सम्पत्ति का कुल मूल्य
10. पंचनामा/यू.डी. केस संख्या ( अगर हो तो )............................................
11. विषय वस्तु प्रथम इत्तिला रिपोर्ट (अगर अपेक्षित हो तो अतिरिक्त पन्ना लगाऐं) :–

महोदय,

विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के गोपनीय सत्यापन से ज्ञात हुआ है कि संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा पुत्र श्री प्रभु लाल मीणा निवासी फ्लैट न0 ए–1204 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर हाल अधिषाशी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, दूदू जिला जयपुर ग्रामीण ने राजकीय सेवा में रहते हुए स्वयं व परिजनो के नाम वैध आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक परिसम्पतियां अर्जित कर रखी है। सत्यापन से प्रकट हुआ की संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा पुत्र श्री प्रभु लाल

मीणा की प्रथम नियुक्ति वर्ष 2012 में कनिष्ठ अभियंता के पद पर हुई तथा वर्तमान में माह जनवरी, 2025 से अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड दूदू जिला जयपुर के पद पर कार्यरत है, इससे पूर्व संदिग्ध अधिकारी का पदस्थापन कनिष्ठ अभियंता कोटा, धरीयावाद प्रतापगढ में रहा है। सूत्रो से प्रकट हुआ की संदिग्ध अधिकारी का विवाह श्रीमती इन्द्रा मीणा के साथ हुआ है, संदिग्ध अधिकारी ने अपने सेवाकाल में स्वयं व अपनी पत्नी श्रीमती इन्द्रा मीणा के नाम विभिन्न क्षेत्रों की महत्वपूर्ण लोकेशन्स की परिसम्पत्तियों में निवेश किया जाना सूत्रों से ज्ञात हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से जयपुर शहर मे कई आवासीय फ्लेटस् (महल रोड, जगतपुरा, व अन्य), फार्म हाउस (लालसोट दौसा ) आदि हैं। सूत्रों से यह भी प्रकट हुआ कि संदिग्ध अधिकारी के दो पुत्र तथा एक पुत्री है, संदिग्ध अधिकारी द्वारा अपने पुत्रों व पुत्री को जयपुर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से शिक्षा दिलवाया जाना ज्ञात हुआ है। संदिग्ध अधिकारी द्वारा महंगी लग्जरी गाडीयां खरीद कर उपयोग में लिया जाना सूत्रों से ज्ञात हुआ है। गोपनीय सत्यापन से संदिग्ध अधिकारी की पारिवारिक पृष्ठभूमि सामान्य एवं आम शोहरत आम जनता के बीच में भ्रष्ट अधिकारी के रूप में होना सूत्रों से ज्ञात हुआ है। संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा के मोबाईल नं0 PAN NUMBER – BYIPM6468D AADHAR NUMBER – तथा संदिग्ध अधिकारी की पत्नी के मोबाईल नं0 PAN NUMBER – CGHPM0346L होना सूत्रों से ज्ञात हुआ है।

सूत्रों से ज्ञात हुआ कि संदिग्ध अधिकारी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती इन्द्रा मीणा के नाम से ग्राम बगडी तहसील लालसोट जिला दौसा में खसरा संख्या 190 रकबा 18 बिसवा खरीद करना जानकारी में आया है एवं उक्त फार्म हाउस पर रहवासीय मकान बना होकर चारो तरफ चार दिवारी बना रखी है तथा बिजली कनेक्शन, बोरिंग (टयूबवेल), एयर कंडिशनर, सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है तथा शेष भूमि पर अर्धनिर्मित व्यवसायिक निर्माण कार्य किया हुआ है, जिन पर अनुमानित खर्च 43,40,000 रूपये व्यय किया जाना ज्ञात हुआ है।

सूत्रों से ज्ञात हुआ कि संदिग्ध अधिकारी द्वारा स्वयं तथा अपनी पत्नी श्रीमती इन्द्रा मीणा के नाम से महंगी– महंगी लग्जरी गाडीयां खरीदना भी ज्ञात हुआ है, उक्त गाडीयों में तीन लग्जरी गाडीयों के नम्बर भी वीआईपी 8787 होना ज्ञात हुआ है। संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम एक AUDI Q3 SPORTBACK 40 TFSI QUATTRO दिनांक 17.08.2023 को 52,97,000 रूपये में क्रय की है तथा एक Royal Enfield Classic 350CC की मोटर साईकिल दिनांक 20.05.2023 को 2,20,991 रूपये में क्रय की गई है। संदिग्ध अधिकारी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति इन्द्र मीणा के नाम से एक AUDI Q7 55 TFSI QUATTRO (TECHNOLOGY) दिनांक 09.11.2023 को 92,30,000 रूपये में क्रय की है एवं एक MAHINDRA SCORPIO N दिनांक 31.08.2023 को 24,51,500 रूपये में क्रय की है। संदिग्ध अधिकारी द्वारा वर्ष 2018 में एक Ford Endeavour गाडी 33,52,304 रूपये में क्रय करना ज्ञात हुआ है।

संदिग्ध अधिकारी द्वारा स्वयं एवं अपनी पत्नी **के** स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया बैंक, एचडीएफसी बैंक, पीएनबी बैंक, इण्डियन बैंक, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक, इंडसण्ड बैंक, आरबीएल बैंक, बैंक ऑफ बडौदा आईसीआईसीआई बैंक, बडौदा राजस्थान क्षैत्रीय ग्रामीण बैंक के बचत खातों एवं लोन खातों में लाखों रूपये ट्रांसफर किया जाना सूत्रों से ज्ञात हुआ है। संदिग्ध अधिकारी द्वारा अपनी भ्रष्ट स्त्रोतों से अर्जित आय को ज्ञात स्त्रोंत में बदलने हेतु करोडों रूपये का प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से बैंक खातों में लेनदेन करना ज्ञात हुआ है।

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा द्वारा राजकीय सेवा में आने के बाद स्वयं एवं स्वयं के परिजनों के नाम से अर्जित परिसम्पतियों का गोपनीय रूप से विभिन्न राजकीय उपक्रमों/सोसायटी एवं बैंक आदि से जानकारी की जाकर सत्यापन किया गया है।

गोपनीय सत्यापन से संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा व परिवारजनों के नाम विभिन्न परिसम्पतियॉ में निवेश/खरीद करना सत्यापन से ज्ञात हुआ है संदिग्ध अधिकारी द्वारा अर्जित परिसम्पतियों, आय एवं व्यय का विवरण निर्धारित प्रपत्र "अ" "ब" "स" "द" निम्नानुसार है:-

## परिशिष्ट "अ"

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा, अधिषाशी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, दूदू जिला जयपुर ग्रामीण की चैक पिरियड वर्ष 2012 से पूर्व अर्जित परिसम्पत्तियां:-

| क्र सं. | परिसम्पत्ति का विवरण | परिसम्पत्ति का मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | शून्य | शून्य |

## परिशिष्ट "ब"

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा, अधिषाशी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, दूदू जिला जयपुर ग्रामीण की चैक पिरियड वर्ष 2012 से खाना तलाशी दिनांक तक अर्जित परिसम्पत्तियां:-

| क्र सं. | परिसम्पत्ति का विवरण | परिसम्पत्ति का मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा दिनांक 05.10.2016 को अपनी पत्नी श्रीमति इन्द्र मीणा के नाम से 340000 रूपये में गॉव बगडी तह0 लालसोट जिला दौसा में कृषि भूमि श्री रामधन मीणा से क्रय की है एवं उक्त फार्म हाउस पर रहवासीय मकान बना होकर चारो तरफ चार दिवारी बना रखी है तथा बिजली कनेक्शन, बोरिंग (टयूबवेल), एयर कंडिशनर, सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है तथा शेष भूमि पर अर्धनिर्मित व्यवसायिक निर्माण कार्य किया हुआ है, जिन पर अनुमानित खर्च 40,00,000 रूपये व्यय किया जाना ज्ञात हुआ है। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी ने उक्त सम्पति पर 43,40,000 रूपये व्यय करने का अनुमान है। | 43,40,000 |
| 2 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा एक रिहायशी फ्लैट न0 ए-1204 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर में 44,00,000 रूपये में दिनांक 03.12.2021 को यूनिक बिल्डर्स से क्रय किया है। उक्त सम्पति को क्रय करने में स्टॉम्प ड्यूटी कुल 2,72,800 रूपये होना पाया गया है। उक्त फ्लेट के रखरखाव शुल्क के रूप में करीब 300000/-रूपये खर्च होने का अनुमान है। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी ने उक्त सम्पति पर 49,72,800 रूपये व्यय करना ज्ञात हुआ है। | 49,72,800 |
| 3 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा एक रिहायशी फ्लैट न0 सी-170 न्यू टाउन, वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पीछे, जगतपुरा जयपुर में 44,89,000 रूपये में दिनांक 05.07.2023 को यूनिक बिल्डर्स से क्रय किया है। उक्त सम्पति को क्रय करने में स्टॉम्प ड्यूटी कुल 2,78,318 रूपये होना पाया गया है। उक्त फ्लेट के रखरखाव शुल्क के रूप में करीब 100000/-रूपये खर्च होने का अनुमान है। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी ने उक्त सम्पति पर 48,67,318 रूपये व्यय करना ज्ञात हुआ है। | 48,67,318 |

[redacted]

| | | |
|---|---|---|
| 4 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा एक रिहायशी फ्लैट न0 ए–1203 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर में 68,75,000 रूपये में दिनांक 29.07.2024 को यूनिक बिल्डर्स से क्रय किया है। उक्त सम्पति को क्रय करने में स्टॉम्प ड्यूटी कुल 3,39,175 रूपये होना पाया गया है। उक्त फ्लेट के रखरखाव शुल्क के रूप में करीब 50000/–रूपये खर्च होने का अनुमान है। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी ने उक्त सम्पति पर 72,14,175 रूपये व्यय करना ज्ञात हुआ है। | 72,64,175 |
| 5 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा स्वयं के नाम से एक फोर्ड एन्डेवर 2.2 टाईटेनियम कार दिनांक 31.08.2018 को 33,50,000 रूपये में क्रय की गई है। | 3350000 |
| 6 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा स्वयं के नाम से एक रॉयल एनफिल्ड क्लासिक 350 सीसी की मोटर साईकिल दिनांक 20.05.2023 को 2,20,991 रूपये में क्रय की गई है। | 2,20,991 |
| 7 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा स्वयं के नाम से एक AUDI Q3 SPORTBACK 40 TFSI QUATTRO दिनांक 17.08.2023 को 52,97,000 रूपये में क्रय की है। | 52,97,000 |
| 8 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति इन्द्र मीणा के नाम से एक MAHINDRA SCORPIO N दिनांक 31.08.2023 को 24,51,500 रूपये में क्रय की है। | 24,51,500 |
| 9 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति इन्द्र मीणा के नाम से एक AUDI Q7 55 TFSI QUATTRO (TECHNOLOGY) दिनांक 09. 11.2023 को 92,30,000 रूपये में क्रय की है। | 92,30,000 |
| 10 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से एसबीआई में बचत खाता संख्या 30347289970 में वर्तमान में 3166 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 3166 |
| 11 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से एसबीआई में बचत खाता संख्या 61175548805 में वर्तमान में 2,30,989 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 2,30,989 |
| 12 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से बैंक ऑफ बडौदा में बचत खाता संख्या 01130100042970 में वर्तमान में 25655 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 25655 |
| 13 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से बैंक ऑफ बडौदा में एफडी खाता संख्या 01130100065227 में वर्तमान में 25655 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 16616 |
| 14 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से बैंक ऑफ बडौदा में एफडी खाता संख्या 01130100072291 में वर्तमान में 25655 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 50675 |
| 15 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से पीएनबी में बचत खाता संख्या | 10000 |

| | | |
|---|---|---|
| | 0712001500009858 में दिनांक 23.02.2025 को 10000 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | |
| 16 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से इण्डियन बैंक में बचत खाता संख्या 7579466223 में दिनांक 23.02.2025 में 10001 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 10001 |
| 17 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से आरएमजीबी में बचत खाता संख्या 83087932548 में दिनांक 23.02.2025 को 16312 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 16312 |
| 18 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से एचडीएफसी में बचत खाता संख्या 50100340091110 में दिनांक 28.02.2025 को 2155 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 2155 |
| 19 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से आईडीएफसी—फर्स्ट बैंक में बचत खाता संख्या 10103273659 में दिनांक 28.02.2025 को 25238 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 25238 |
| 20 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से कोटक महेन्द्र बैंक में बचत खाता संख्या 4747679505 में वर्तमान में 23.02.2024 को 10000 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 10000 |
| 21 | संदिग्ध अधिकारी के स्वयं के नाम से इण्डसइ् बैंक में बचत खाता संख्या 159460389645 में वर्तमान में 0 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 0 |
| 22 | संदिग्ध अधिकारी की पत्नी श्रीमति इन्द्रा मीणा के नाम से एसबीआई में बचत खाता संख्या 20459355758 में दिनांक 25.02.2025 को 43380 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 43380 |
| 23 | संदिग्ध अधिकारी की पत्नी श्रीमति इन्द्रा मीणा के नाम से इण्डियन बैंक में बचत खाता संख्या 7585992780 में दिनांक 24.02.2025 में 70001 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 70001 |
| 24 | संदिग्ध अधिकारी की पत्नी श्रीमति इन्द्रा मीणा के नाम से बैंक ऑफ बडौदा में बचत खाता संख्या 01130100044007 में दिनांक 03.03.2025 को 153317 रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 1,53,317 |
| 25 | संदिग्ध अधिकारी की पत्नी श्रीमति इन्द्रा मीणा के नाम से बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक में बचत खाता संख्या 41180100000586 में वर्तमान में दिनांक 28.02.2025 को 102511/— रूपये होना ज्ञात हुआ है। | 1,02,511 |
| 26 | संदिग्ध अधिकारी की पत्नी श्रीमति इन्द्रा मीणा के नाम से बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक में एफडीआर खाता संख्या 41180300001147 में दिनांक 28.02.2025 तक कुल बैलेंस | 4,19,581 |
| 27 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा बैक ऑफ बडौदा से लिये गये गोल्ड लोन में गिरवी रखे सोने के आभूषण की अनुमानित कीमत | 2000000 |

| | | |
|---|---|---|
| 28 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा इण्डियन बैंक से लिये गये गोल्ड लोन में गिरवी रखे सोने के आभूषण की अनुमानित कीमत | 2000000 |
| 29 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा कोटक महिन्द्रा बैंक में खाता संख्या 4747679505 में दिनांक 13.01.2025 को 25000 रूपये की एफडीआर बनवाना ज्ञात हुआ है। | 25000 |
| 30 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा एसबीआई बैंक में एफडीआर खाता संख्या 40596377560 में दिनांक 23.11.2021 को 25000 रूपये की एफडीआर बनवाना ज्ञात हुआ है। | 25000 |
| | **योग** | **4,72,33,381/— रूपये** |

## परिशिष्ट "स"

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा, अधिषाशी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, दूदू जिला जयपुर ग्रामीण की चैक पिरियड वर्ष 2012 से खाना तलाशी दिनांक तक प्राप्त आय:—

| क्र सं. | परिसम्पत्ति का विवरण | परिसम्पत्ति का मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा की चैक अवधि वर्ष 2012 से 28.02.2025 तक आयकर कटौती के पश्चात शुद्व वैतनिक आय 77,50,000/रूपये का अनुमान है। | 77,50,000 |
| 2 | संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा की पत्नी श्रीमती इन्द्रा मीणा की चैक अवधि वर्ष 2012 से 28.02.2025 तक आयकर कटौती के पश्चात शुद्व वैतनिक आय 29,16,320/रूपये का अनुमान है। | 29,16,320 |
| 3 | संदिग्ध अधिकारी के इण्डियन बैंक के ज्वैलरी लोन खाता संख्या 7944296244 से दिनांक 31.12.2024 को 1450000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी लोन पेटे 1450000 रूपये की आय होने का अनुमान है। | 1450000 |
| 4 | संदिग्ध अधिकारी के बैंक ऑफ बडौदा के गृह मरम्मत हेतु लोन खाता संख्या 01130600022282 से कुल 1119000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी लोन पेटे 1119000 रूपये की आय होने का अनुमान है। | 1119000 |
| 5 | संदिग्ध अधिकारी के बैंक ऑफ बडौदा के गोल्ड लोन खाता संख्या 01130600022281 से कुल 1400000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी लोन पेटे 1400000 रूपये की आय होने का अनुमान है। | 1400000 |
| 6 | संदिग्ध अधिकारी के बैंक ऑफ बडौदा के होम लोन खाता संख्या 01130600022125 से कुल 5500000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी लोन पेटे 5500000 रूपये की आय होने का अनुमान है। | 5500000 |
| | **कुल** | **2,01,35,320/— रूपये** |

# परिशिष्ट "द"

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा, अधिषाशी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, दूदू जिला जयपुर ग्रामीण की चैक पिरियड वर्ष 2012 से खाना तलाशी दिनांक तक किया गया व्यय:–

| क्रं सं. | परिसम्पत्ति का विवरण | परिसम्पत्ति का मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा चैक पिरियड वर्ष 2012 से 28.02.2025 तक रसोई एवं असत्यापनिक पर नियमानुसार कुल 25,57,500/रूपये व्यय करने का अनुमान है। | 25,57,500 |
| 2 | संदिग्ध अधिकारी के आईसीआईसीआई के पर्सनल लोन खाता संख्या LPPRG00045255090 से दिनांक 10.02.2022 को 850000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका पूर्ण भूगतान किया जाकर ब्याज के रूप में 169821 रूपये अदा किये गये। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में ब्याज के रूप में 169821 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 169821 |
| 3 | संदिग्ध अधिकारी के एसबीआई के पर्सनल लोन खाता संख्या 61314183733 से दिनांक 07.05.2016 को 495000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका पूर्ण भूगतान किया जाकर ब्याज के रूप में 131862 रूपये अदा किये गये। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में ब्याज के रूप में 131862 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 207498 |
| 4 | संदिग्ध अधिकारी के एसबीआई के पर्सनल लोन खाता संख्या 38193442334 से दिनांक 17.01.2019 को 1000000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका पूर्ण भूगतान किया जाकर ब्याज के रूप में 84399 रूपये अदा किये गये। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में ब्याज के रूप में 84399 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 154405 |
| 5 | संदिग्ध अधिकारी के एसबीआई के कार लोन खाता संख्या 38731313591 से दिनांक 03.09.2019 को 2380000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका पूर्ण भूगतान किया जाकर ब्याज के रूप में 433558 रूपये अदा किये गये। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में ब्याज के रूप में 433558 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 718525 |
| 6 | संदिग्ध अधिकारी के इण्डियन बैंक के कार लोन खाता संख्या 7580416347 से दिनांक 14.08.2023 को 4390000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका पूर्ण भूगतान किया जाकर ब्याज के रूप में 57190 रूपये अदा किये गये। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में ब्याज के रूप में 57190 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 57190 |
| 7 | संदिग्ध अधिकारी के द्वारा बैंक ऑफ बडौदा के गृह मरम्मत हेतु लोन खाता संख्या 01130600022282 से दिनांक 30.12.2024...को 1119000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका लोन रिपेमेंट के रूप में 20582 रूपये भूगतान किये गये। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में किशत के रूप में 20582 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 20582 |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | संदिग्ध अधिकारी के द्वारा बैंक ऑफ बडौदा के गोल्ड लोन खाता संख्या 01130600022281 से दिनांक 30.12.2024 को 1400000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका लोन रिपेमेंट के रूप में 517722 रूपये भूगतान किये गये।<br>इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में किश्त के रूप में 517722 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 517722 |
| 9 | संदिग्ध अधिकारी के बैंक ऑफ बडौदा के होम लोन खाता संख्या 01130600022125 से दिनांक 24.07.2024 को 5500000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका लोन रिपेमेंट के रूप में 1266065 रूपये भूगतान किये गये।<br>इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में किश्त के रूप में 1266065 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 1266065 |
| 10 | संदिग्ध अधिकारी के बैंक ऑफ बडौदा के होम लोन खाता संख्या 01130600020693 से दिनांक 02.12.2021 को 3520000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका लोन रिपेमेंट के रूप में 430401 रूपये भूगतान किये गये।<br>इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में किश्त के रूप में 430401 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 430401 |
| 11 | संदिग्ध अधिकारी के इण्डियन बैंक के ज्वैलरी लोन खाता संख्या 7944296244 से दिनांक 31.12.2024 को 1450000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका लोन रिपेमेंट के रूप में 50000 रूपये भूगतान किये गये।<br>इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में किश्त के रूप में 50000 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 50000 |
| 12 | संदिग्ध अधिकारी की पत्नी श्रीमति इन्द्रा मीणा द्वारा इण्डियन बैंक के कार लोन खाता संख्या 7646368538 से दिनांक 07.11.2023 को 6000000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका पूर्ण भूगतान किया जाकर ब्याज के रूप में 275907 रूपये अदा किये गये। इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में ब्याज के रूप में 275907 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 275907 |
| 13 | संदिग्ध अधिकारी के बैंक ऑफ बडौदा के होम लोन खाता संख्या 139663492 से दिनांक 11.12.2023 को 192000 रूपये लोन लेना ज्ञात हुआ है। जिसका लोन रिपेमेंट के रूप में 192635 रूपये भूगतान किये गये।<br>इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी को लोन जमा कराने में ब्याज के रूप में 635 रूपये का व्यय होने का अनुमान है। | 635 |
| 14 | संदिग्ध अधिकारी के दो बच्चे जो कि वर्तमान में जयश्री पेरिवाल स्कूल जयपुर में पडते है। संदिग्ध अधिकारी के बच्चों का पढाई व परिवहन का खर्च 500000 रूपये होने का अनुमान है। | 500000 |
| 15 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा चैक अवधि के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यों में पॉच सितारा एवं सात सितारा होटलों में ठहरने के साथ साथ देश व विदेश में की हवाई यात्राओं का अनुमानित खर्च 4700000 रूपये व्यय होने का अनुमान है। | 4700000 |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | संदिग्ध अधिकारी एवं उसकी पत्नी द्वारा उपयोग में लिये जा रहे एन्ड्रोयड व आईफोन मोबाईलों की अनुमानित कीमत 250000 व्यय होने का अनुमान है। | 250000 |
| 17 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा विभिन्न क्रेडिट कार्डो से की गई खरीददारी का अनुमानित व्यय 300000 रूपये होने का अनुमान है। | 300000 |
| 18 | संदिग्ध अधिकारी द्वारा इन्डसेड बैंक क्रेडिट कार्ड से की गई खरीददारी का अनुमानित व्यय 266000 रूपये होने का अनुमान है। | 266000 |
| 19 | संदिग्ध अधिकारी व उनकी पत्नी द्वारा उपयोग में लिये जा रहे वाहनों के रख रखाव, इन्सयोरेंस, पेट्रोल/डीजल व फास्टटेग पर किया गया अनुमानित व्यय कुल 680000/-- रूपये होने का अनुमान है। | 680000 |
| | **कुल** | **1,31,22,251/— रूपये** |

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा द्वारा अपनी नियुक्ति वर्ष 2012 से पहले अर्जित परिसम्पतियों का उल्लेख परिशिष्ट "अ" में दर्शाया गया है, जो शून्य है।

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा द्वारा अपनी नियुक्ति वर्ष 2012 से खाना तलाशी दिनांक तक अर्जित परिसम्पतियों का उल्लेख परिशिष्ट "ब" में दर्शाया गया है, जिसके अनुसार संदिग्ध अधिकारी द्वारा स्वयं व परिजनों के नाम अर्जित परिसम्पतियों का कुल मुल्य 4,72,33,381/— रूपये अनुमानित है।

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा द्वारा अपनी नियुक्ति वर्ष 2012 से खाना तलाशी दिनांक तक अर्जित आय का उल्लेख परिशिष्ट "स" में दर्शाया गया है, परिशिष्ट "स" के अनुसार संदिग्ध अधिकारी व उसके परिवारजनों की ज्ञात स्त्रोतों से कुल वैध आय 2,01,35,320/— रूपये अनुमानित है।

संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा द्वारा अपनी नियुक्ति वर्ष 2012 से खाना तलाशी दिनांक तक किये गये व्यय का उल्लेख परिशिष्ट "द" में दर्शाया गया है, जिसके अनुसार कुल 1,31,22,251/— रूपये व्यय करने का अनुमान है।

इस प्रकार संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा एवं इनकी पत्नी श्रीमती इन्द्रा मीणा की चैक पिरियड वर्ष 2012 से खाना तलाशी दिनांक तक ज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त आय 2,01,35,320/— रूप्ये होकर, अर्जित परिसम्पतियों का मुल्य 4,72,33,381/— रूपये एवं व्यय कि गई राशि 1,31,22,251/— रूपये पाई गई है। अतः अर्जित सम्पति तथा व्यय राशि का जोड 6,03,55,632/— रूपये में से अर्जित वैध आय 2,01,35,320/— रूपये को घटाने पर **कुल 4,02,20,312/रूपये (अक्षरे चार करोड दो लाख बीस हजार तीन सौ बारह रूपये)** की परिसम्पतियां वैध आय से अधिक अर्जित किया जाना गोपनीय सत्यापन से पाया गया है जो वैध आय से लगभग **199.75%** प्रतिशत अधिक है।

अतः संदिग्ध अधिकारी संदिग्ध अधिकारी श्री हरिप्रसाद मीणा एवं व संदिग्ध अधिकारी से संबंधित निम्न ठिकानों (1.) ए—1203, 1204 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर (2) खसरा नम्बर 190 गॉव बगडी तह0 लालसोट जिला दौसा में बना संदिग्ध अधिकारी का फार्म हाउस (3) फ्लैट न0 सी—170 न्यू टाउन, वी.आई.टी.

रोड महिमा पनोरमा के पीछे, जगतपुरा जयपुर (4) कार्यालय कक्ष श्री हरिप्रसाद मीणा, अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड दूदू जिला जयपुर (5) संदिग्ध अधिकारी का किराये का मकान 25, फ्रेण्डस कॉलोनी, नरैना रोड, दूदू जयपुर तलाशी ली जाती है तो कई मूल्यवान परिसम्पत्तियों के दस्तावेज, नकदी, एफ.डी.आर, बैंक लॉकर्स (बैक ऑफ बडौदा, शाखा एम.आई रोड), एन.एस.सी स्वर्ण आभूषण एवं अन्य मूल्यवान परिसम्पत्तियां के दस्तावेज मिलने की सम्भावना है।

अतः संदिग्ध अधिकारी 1.श्री हरिप्रसाद मीणा पुत्र श्री प्रभुलाल मीणा निवासी फ्लैट न0 1204 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर हाल अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड दूदू जयपुर ग्रामीण 2. श्रीमती इन्द्रा मीणा पत्नि श्री हरिप्रसाद मीणा निवासी फ्लैट न0 1204 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर के विरूद्ध वैध आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक परिसम्पत्तियां अर्जित करने एवं अर्जित करने में सहयोग करने के तथ्य प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित है। अतएव आरोपीगणों के उक्त कृत्य से अपराध अन्तर्गत धारा 13(1)(ई) सपठित 13(2) पी.सी.एक्ट 1988 धारा 120बी आईपीसी एवं धारा 13(1)(बी) सपठित 13(2), 12 पी.सी.एक्ट 1988 (यथा संशोधित 2018) व 61(2) बीएनएस 2023 का घटित होना पाया जाता है। अतः बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट वास्ते क्रमांकन हेतु प्रेषित है।

भवदीय

(मूलचन्द)
पुलिस निरीक्षक
भ्रनिब्यूरो,इन्टें,जयपुर।

# कार्यवाही पुलिस

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईपशुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री मूलचन्द, पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, इन्टे. जयपुर ने प्रेषित की है। मजमून रिपोर्ट से जुर्म धारा 13(1)(ई) सपठित 13(2) पी.सी.एक्ट 1988 धारा 120बी आईपीसी एवं धारा 13(1)(बी) सपठित 13(2), 12 पी.सी.एक्ट 1988 (यथा संशोधित 2018) व 61(2) बीएनएस 2023 में वर्णित अपराध घटित होना पाया जाने से अभियुक्त 1. श्री हरिप्रसाद मीणा पुत्र श्री प्रभुलाल मीणा निवासी फ्लैट न0 1204 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर हाल अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड दूदू जयपुर ग्रामीण 2. श्रीमती इन्द्रा मीणा पत्नि श्री हरिप्रसाद मीणा निवासी फ्लैट न0 1204 यूनिक एम्पोरियम वी.आई.टी. रोड महिमा पनोरमा के पास महल गॉव रोड जगतपुरा जयपुर के विरूद्ध अपराध संख्या ....89..../2025 दिनांक 09.04.2025 उपरोक्त धाराओं में दर्ज कर श्रीमान महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार अनुसंधान श्री भूपेन्द्र, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर–प्रथम, जयुपर के सुपूर्द किया गया। प्रतियां एफ.आई.आर. नियमानुसार कता कर जारी की गई।

– ह0 –
(डॉ. प्यारेलाल शिवरान)
पुलिस अधीक्षक–प्रशासन
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
राज0 जयपुर

क्रमांकः– 517-21 दिनांक :– 09/04/2025

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. माननीय विशिष्ट न्यायाधीश एवं सेशन न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मामलात, कम संख्या–1 जयपुर।
2. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग, शासन सचिवालय राज0 जयपुर।
3. श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान जयपुर।
4. श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस (द्वितीय) भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।
5. श्री भूपेन्द्र, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर–प्रथम, जयुपर।

(डॉ. प्यारेलाल शिवरान)
पुलिस अधीक्षक–प्रशासन
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
राज0 जयपुर